# शासकीय (आदर्श, स्वशासी) होलकर विज्ञान महाविद्यालय
# इंदौर (म.प्र.)




## आवश्यक सुचना

## विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के लिए युवा 16 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल एवं युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार **विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट** देश में लगभग 301 जिला नोडल केंद्र पर आयोजित किया जा रहा है । यह कार्यक्रम युवाओं को वर्ष 2047 के विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

शासकीय (आदर्श,स्वशासी) होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) को जिला नोडल केंद्र बनाया गया है तथा अलीराजपुर, झाबुआ एवं बडवानी जिलो को भी जोड़ा गया है ।

इस प्रतियोगिता में इंदौर, अलीराजपुर, झाबुआ एवं बडवानी जिलो से 18-25 वर्ष आयु के छात्र एवं गैर–छात्र भाग ले सकते है प्रतियोगिता का आयोजन नोडल महाविद्यालय शासकीय (आदर्श,स्वशासी) होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) के तत्वाधान में किया जाएगा।

### प्रतियोगिता प्रक्रिया:

**1. पंजीयन:**

प्रतिभागी MY Bharat Portal पर प्रोफाइल बनाकर Mega Event option में जाकर 'APPLY NOW' बटन पर क्लिक करें।

**2. वीडियो सबमिशन:**

प्रोफाइल पूरा करने के बाद **"आपके लिए विकसित भारत का क्या अर्थ है"** विषय पर 1 मिनट का वीडियो अपलोड करना अनिवार्य होगा।

**3. चयन प्रक्रिया:**

- अपलोड किये गए, वीडियो में से 150 उत्कृष्ट वीडियो को चयनित किया जाएगा।
- इन 150 चयनित प्रतिभागियों को नोडल महाविद्यालय में **"एक राष्ट्र एक चुनाव"** विषय पर विचार रखने के लिए आमंत्रित किया जायेगा।
- इन 150 प्रतिभागियों में से राज्य स्तर के लिए शीर्ष 10 युवा चुने जाएंगे।
- राष्ट्रीय स्तर के विजेताओं को दिल्ली में आयोजित विजन पार्लियामेंट में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

**महत्वपूर्ण तिथि:** ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि: 9 मार्च 2025, रात 11:59 बजे।

**विशेष अवसर:**

- चयनित प्रतिभागियों को राज्य विधानसभा एवं संसद स्तर पर अपने विचार रखने का अवसर मिलेगा।
- युवाओं से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस प्रतियोगिता में भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें।




**प्राचार्य**

**शासकीय (आदर्श, स्वशासी) होलकर विज्ञान महाविद्यालय, (म.प्र.)**